नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए डाक विभाग की ट्रेनिंग शुरू



रांची के आईआईएम में मंगलवार से भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए शुरू हुए आवासीय प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी।

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची में भारतीय डाक सेवा (आईपीओएस) के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आवासीय उन्नत विकास कार्यक्रम (एडीपी) की शुरुआत मंगलवार को हुई। दो हफ्ते का यह आवासीय प्रशिक्षण 10 फरवरी तक चलेगा। इसका उद्देश्य नेतृत्व, प्रबंधन व रणनीतिक निर्णय लेने के मामले में प्रतिभागियों के कौशल और क्षमताओं को बढ़ाना है। आईआईएम के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और भारतीय डाक सेवा के अतिरिक्त निदेशक अंबेश उपमन्यु ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में प्रबंधन के सभी प्रमुख डोमेन के इनपुट शामिल हैं, जो आईपीओएस के अधिकारियों के लिए सबसे उपयोगी हैं। प्रतिभागियों को विभिन्न शैक्षणिक दृष्टिकोण का प्रशिक्षण मिलेगा। प्रशिक्षण प्रतिभागियों को उनकी प्रबंधन दक्षताओं और नेतृत्व क्षमताओं को सुधारने में मदद करेगा।

Hindustan, 01.02.2023, Pg. 07